E-Mail

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**( भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय )**

**संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023**......4706 दि0 05/06/2023

**आदेश**

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री आलोक कुमार तिवारी (Emp. ID No.- AEN00391), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0– 4700 दिनांक– 22.12.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री आलोक कुमार तिवारी को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई। निर्धारित तिथि 03.03.2023 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपना मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

आरोपित से संबंधित संचिका में रक्षित अभिलेख तथा साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि आरोपित के द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र / प्रमाण–पत्र का सत्यापन निदेशालय पत्रांक–4606 दिनांक–24.12.2021 द्वारा C.M.J University, Meghalaya को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में निबंधक C.M.J University, Meghalaya ने अपने पत्रांक C.M.J.U/RO/VERI/2022-05/69/453 दिनांक– 31.05.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि श्री आलोक कुमार तिवारी Bearing registration No.- 95598110350461 of Diploma in Civil Engineering send by you are not issued by the University. Hence mark sheet is Fake."

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक– 1647 दिनांक– 05.07.2022 द्वारा आरोपित से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने की मांग की गयी। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि प्रमाण–पत्रों की पुनः जाँच कराई जाय। साक्ष्य के रूप में आवेदक द्वारा C.M.J University, Meghalaya के पत्रांक– C.M.J.U/RO/VERI/2022-07/61/571 दिनांक–23.07.2022 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई जिसमें इनके प्रमाण–पत्र के Genuine and correct अंकित किया गया है।

अपील अभ्यावेदन एवं निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश के अवलोकन से स्पष्ट है कि निदेशालय स्तर पर जिस पत्र द्वारा सत्यापन प्रतिवेदन की मांग की गई, उसमें विश्वविद्यालय द्वारा आरोपित के प्रमाण–पत्र को फर्जी बताया गया है और पुनः आरोपित के द्वारा सुनवाई के दौरान समर्पित प्रतिवेदन में इनके प्रमाण–पत्र को विश्वविद्यालय द्वारा सही बताया गया है। अपीलार्थी द्वारा उपलब्ध कराये गए C.M.J University, Meghalaya के पत्र ही विरोधाभाषी है। University के पत्र के अवलोकन से स्पष्ट होता हे कि ''Record CID द्वारा जब्त कर लिया गया है'', ऐसी परिस्थिति में University ने सर्टिफिकेट की जाँच कैसे की, समझ से परे है।

उक्त विवेचना के आलोक में आरोपित श्री आलोक कुमार तिवारी (Emp. ID No.- AEN00391), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है तथा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश संख्या– 4700 दिनांक– 22.12.2022 को यथावत् रखा जाता है।

**ह0 / –**

**अपर मुख्य सचिव–सह–**

**अपीलीय प्राधिकार,**

**कृ0पृ0उ0**

E-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

( भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय )

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023....4206........**पटना, दिनांक** :–05/06/2023

**प्रतिलिपिः–** श्री आलोक कुमार तिवारी (Emp. ID No.- AEN00391), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बांका, Email- alok.tiwari116@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/23

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023....4206........**पटना, दिनांक** :–05/06/2023

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023....4206........**पटना, दिनांक** :–05/06/2023

**प्रतिलिपिः–** संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023....4206........**पटना, दिनांक** :–05/06/2023

**प्रतिलिपिः–** निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–3 / 2023....4206........**पटना, दिनांक** :–05/06/2023

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप